कार्यालय नीलाम समिति, जनपद न्यायालय, फर्रूखाबाद।

पुरानी ईंटों की बिक्री की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा प्रेषित पत्र संख्या 1257/इन्फ्रा. सेल. इलाहाबाद दिनांकित 05.11.219 के आलोक में माननीय जनपद न्यायाधीश, फर्रूखाबाद महोदय के आदेश दिनांकित 05.11.2019 के अनुपालन में वाह्य स्थित न्यायालय कायमगंज परिसर की पुरानी बाउन्ड्रीवाल की नीलामी हेतु (वर्तमान में जहाँ और ज़ैसी स्थिति में उपलब्ध है के आधार पर) सीलबन्द टेन्डर आमंत्रित किये जाते है। वाह्य स्थित न्यायालय कायमगंज परिसर की पुरानी बाउन्ड्रीवाल का मूल्यांकन रू० 0.42 लाख निर्धारित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति सीलबन्द टेन्डर केन्द्रीय नजारत ज़नपद न्यायालय फर्रूखाबाद में दिनांक 06.12.2019 तक सांय 4.00 बजे तक प्राप्त करा सकते है अथवा रजिस्टर्ड डाक से भेज सकते है। उक्त प्राप्त टेन्डर दिनांक 07.12.2019 को समय 4.30 बजे टेन्डर दाताओं की उपस्थिति में वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) कायमगंज में खोले जायेंगे। टेन्डर खुलने के समय टेन्डर दाताओं का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) कायमगंज से प्राप्त की जा सकती है।

बिक्री की शर्तें

1- सबसे अधिक कीमत पाये जाने वाले टेन्डर दाता के नाम बिक्री घोषित करने हेतु आख्या प्रेषित की जायेगी।

2- टेन्डर स्वीकृत होने पर टेन्डर दाता को पुरानी बाउन्ड्रीवाल की कुल कीमत अन्दर तीन दिन अदा करनी होगी।

3- बिक्रीत पुरानी बाउन्ड्रीवाल की कुल कीमत अदा करने के उपरान्त बाउन्ड्रीवाल की समस्त ईंटों को अन्दर 15 दिन न्यायालय परिसर से उठाना होगा।

4- निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त कोई टेन्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और न ही डाक से आये टेन्डरों को प्राप्त किया जायेगा।

दिनांकः 02.12.2019

अध्यक्ष नीलाम समिति,
जनपद न्यायालय,फर्रूखाबाद।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जिला न्यायालय फर्रूखाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

2- कलेक्ट्रेट नजारत, फतेहगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

3- नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

4- नगर पालिका परिषद, कायमगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

5- जिला परिषद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

6- जिला सूचना अधिकारी, फतेहगढ़ को निःशुल्क समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।

7- नोडल अधिकारी कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय, फर्रूखाबाद को जनपद न्यायालय की बेवसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

8- बाह्य न्यायालय कायमगंज के सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।

9- मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Seni. System Assit. to ensure compliance.

दिनांकः 02.12.2019

अध्यक्ष नीलाम समिति,
जनपद न्यायालय,फर्रूखाबाद।